2018 टीबी एचएलएम स्कोरकार्ड

22 सितंबर 2023 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा टीबी पर उच्च-स्तरीय बैठक (यूएनएचएलएम) आयोजित की जाएगी. इससे पहले 8-9 मई 2023 को टीबी पर एक बहु-हितधारक बैठक निर्धारित है. #2023टीबीएचएलएम प्रक्रिया के दौरान 2018 टीबी यूएनएचएलएम के उपरांत हुई प्रगति का आकलन करना आवश्यक है. 2018 टीबी यूएनएचएलएम में टीबी महामारी को समाप्त करने के वैश्विक प्रयासों में तेजी लाने के लिए दुनिया के कई राजनेता, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और समर्थक एक साथ नज़र आए थे. 2018 एचएलएम में संयुक्त राष्ट्र ने बहुत से महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये थे. 2023 टीबी एचएलएम की सफलता के लिए यह ज़रूरी है कि टीबी को समाप्त करने के संघर्ष में जुटे सभी भागीदार जवाबदेही को प्राथमिकता दें. 2030 तक दुनिया से टीबी महामारी को समाप्त करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें वैश्विक लीडर्स के शब्दों से कहीं अधिक उनके द्वारा उठाए जाने वाले ठोस कदमों की ज़रूरत है.

ट्रैफिक लाइट की शैली पर तैयार यह निर्देशिका 2018 यूएन एचएलएम के टीबी लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में की गयी प्रगति का संक्षिप्त ब्योरा देती है. इसमें चिर-परिचित रंगों का इस्तेमाल किया गया है. हरा रंग नियमित प्रगति को दर्शाता है, पीला रंग प्रगति में ढिलाई को दर्शाता है और लाल रंग निर्धारित लक्ष्यों से काफी पीछे रह जाने की स्थिति को दर्शाता है.

टीबी पर संयुक्त राष्ट्र की 2018 उच्च-स्तरीय बैठक: उपचार लक्ष्य



2018 टीबी एचएलएम में 2018 से 2022 तक हर उम्र के 4 करोड़ टीबी प्रभावित लोगों के इलाज का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. अभी तक इनमें से केवल 2.63 करोड़ लोगों का इलाज किया गया है. यह पर्याप्त नहीं है और दर्शाता है कि हमें विश्व स्तर पर टीबी कार्यक्रमों को मजबूत करने और बेहतर उपचार मुहैया कराने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे.

एमडीआर/आरआर-टीबी उपचार 2018-2021

वैश्विक स्तर पर एमडीआर/आरआर-टीबी के निदान और उपचार के प्रयासों में तेजी लाने और जाँच और उपचार के असरदार तरीक़ों को अपनाये जाने की आवश्यकता है. बच्चों का उपचार विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, और हम अभी 2018 में निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने से बहुत पीछे हैं. हमें तत्काल ही कई कदम उठाने की आवश्यकता है- जैसे टीबी दवाओं के विकास और कार्यान्वयन को बच्चों के लिए अनुकूल बनाना, नई दवाओं की उपलब्धता में नौकरशाही की बाधाओं को कम करना, मातृ एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं में टीबी देखभाल का एकीकरण, और बाल चिकित्सा टीबी निदान और उपचार सेवाओं का विस्तार करना. वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में बच्चों की ख़ास जरूरतों को प्राथमिकता देना बेहद महत्वपूर्ण है.





#2023TBHLM

टीबी पर 2018 संयुक्त राष्ट्र की उच्च स्तरीय बैठक: टीबी निवारक उपचार लक्ष्य

टीबी निवारक उपचार (टीपीटी) महत्वपूर्ण है और टीबी महामारी का अंत सुनिश्चित करने के लिए हमारे सबसे प्रभावी साधनों में से एक है. टीबी अनुसंधान में हुए निवेश ने हमें बहुत से छोटे, प्रभावी और सुरक्षित टीपीटी उपाय सुझाये हैं, जिन्हें एक महीने से भी कम समय की अवधि में पूरा किया जा सकता है. आज हमारे पास वह उपकरण हैं, जिनके माध्यम से हम टीपीटी को व्यापक स्तर पर ले जा सकते हैं और अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं. लेकिन फिर भी 2021 तक हम टीपीटी के लिए निर्धारित चार लक्ष्यों में से केवल एक को ही प्राप्त कर पाए हैं. अन्य लक्ष्यों के संदर्भ में हमने बहुत कम प्रगति की है, विशेष रूप से पांच वर्ष से अधिक आयु के घरेलू संपर्कों को टीपीटी प्रदान करने का लक्ष्य. हम इसे केवल 3% ही पूरा कर पाये हैं, जो बेहद ख़राब स्थिति को दर्शाता है. यह स्वीकार करना भी अहम है कि पीएलएचआईवी को टीपीटी प्रदान करने का लक्ष्य पर्याप्त रूप से महत्वाकांक्षी नहीं था, ख़ासतौर से जब एचआईवी प्रभावित लोग, जिन्हें इस हस्तक्षेप की आवश्यकता थी, की संख्या काफी अधिक है. इसलिए इस ज़रूरतमंद आबादी के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने वाले अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने की तत्काल आवश्यकता है.

टीपीटी और छोटे टीपीटी उपायों का तेजी से विस्तार करने में राजनीतिक इच्छाशक्ति और निवेश की कमी के साथ-साथ जमीनी स्तर की सीमित मांग उत्पादन जैसी कई बड़ी बाधाएं हैं. इन बाधाओं को दूर करने के लिए प्रभावी और सार्थक सामुदायिक जुड़ाव की आवश्यकता है. इसके अलावा यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पहचाने गए सभी प्राथमिक समूहों को टीपीटी की सुविधा मिले, न कि केवल एचआईवी से ग्रसित लोगों को. सामाजिक रूढ़ियां और भेदभाव की भावना भी काफी हद तक टीपीटी को प्रभावित करते हैं. इसलिए यह अनिवार्य है कि आगामी एचएलएम में टीबी संबंधित देखभाल के संदर्भ में सामाजिक रूढ़ियों और भेदभाव से निपटने के लिए मापने योग्य लक्ष्य निर्धारित किये जायें.

हर उम्र के लोग

एचआईवी से पीड़ित

घरेलू संपर्क <5 वर्ष

घरेलू संपर्क आयु> 5 वर्ष

टीबी पर 2018 संयुक्त राष्ट्र की उच्च स्तरीय बैठक: फंडिंग लक्ष्य

टीबी की रोकथाम, निदान, उपचार और देखभाल के लिए सार्वभौमिक पहुंच के साथ-साथ टीबी अनुसंधान के तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निर्धारित वित्त पोषण लक्ष्यों को पूरा करना एक बहुत बड़ी चुनौती है. कोविड-19 महामारी ने इस स्थिति को और विकट बना दिया है. इस वित्तीय कमी की भरपाई के लिये कोविड-19 संबंधित प्रतिक्रिया के साथ-साथ टीबी की रोकथाम और उपचार को प्राथमिकता देना, टीबी अनुसंधान के लिए धनराशि में वृद्धि करना और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) और महामारी की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया (पीपीपीआर) के समर्थन में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है.

टीबी की रोकथाम, निदान, उपचार और देखभाल के लिए सार्वभौमिक पहुंच



टीबी की देखभाल



#2023TBHLM

2023 टीबी एचएलएम की राह: एंड टीबी के लिए एकजुट हों

आगामी एचएलएम में न केवल टीबी एक सर्वोच्च राजनीतिक प्राथमिकता के रूप में उभरेगा, बल्कि यह 2018 में निर्धारित लक्ष्यों को संबोधित करने और उनके प्रति फिर से संकल्प लेने का एक मजबूत मंच होगा.

दुर्भाग्य से 2018 राजनीतिक घोषणा में शामिल संकल्पों, जो टीबी प्रभावित समुदाय के सदस्यों और नागरिक समाज के सामने आने वाले मुद्दों से संबंधित हैं (जैसे कि समाजिक रूढ़ियां, भेदभाव और टीबी से संघर्ष में लिंग-प्रतिक्रियात्मक पहलू की आवश्यकता आदि) को विशिष्ट लक्ष्यों का साथ नहीं मिला. उदाहरण के लिए, उन्हें उपरोक्त बायोमेडिकल लक्ष्यों की तरह मापा नहीं जा सकता. हालांकि, टीबी समाप्त करने की नई वैश्विक योजना (2023- 2030) ने समुदाय-केंद्रित प्रतिबद्धताओं की प्रगति को ट्रैक करने के महत्व को स्वीकार किया है और इसे मापने के तरीक़े भी सुझाये हैं. वैश्विक योजना (ग्लोबल प्लान) समुदाय, अधिकार और लिंग (सीआरजी) से संबंधित प्रतिबद्धताओं की प्रगति को मापने का प्रस्ताव रखती है. ऐसा करने के कुछ तरीक़े हैं- यह देखना कि किसी देश द्वारा सीआरजी मूल्यांकन किया गया है या नहीं, टीबी सीआरजी कार्य योजना विकसित की गयी हो, राष्ट्रीय रणनीतिक योजनाओं में मूल्यांकन के निष्कर्ष और योजना प्राथमिकताओं का एकीकरण किया गया हो, और सीआरजी से संबंधित प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए उक्त कार्य योजना को पूरी तरह फ़ंड किया गया हो. 2023 राजनीतिक घोषणा में इस दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए. यह हमें टीबी की रोकथाम और देखभाल के लिए केवल बायोमेडिकल लक्ष्यों को मापने से अलग एक व्यापक और जन-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर ले जाने में मदद करेगा.

टीबी प्रभावित समुदाय और नागरिक समाज ने माना है कि सीआरजी से संबंधित प्रतिबद्धताओं को किसी औपचारिक जवाबदेही व्यवस्था के माध्यम से नहीं मापा गया था. इसलिए उन्होंने 2021 में समुदाय-नेतृत्व की जवाबदेही और निरीक्षण रिपोर्ट के रूप में डेडली डिवाइड रिपोर्ट 1.0 को लॉन्च किया. इस रिपोर्ट ने टीबी की रोकथाम और देखभाल के लिए एक अधिक न्यायसंगत और जन-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रस्ताव सामने रखा, जो टीबी के प्रसार को फैलाने वाले सामाजिक और आर्थिक कारणों को संबोधित करता है. 2023 की टीबी एचएलएम में टीबी प्रभावित समुदाय और नागरिक समाज को मज़बूत आधार देने और अपनी मुख्य मांगों को सामने रखने के लिए इस रिपोर्ट का डेडली डिवाइड रिपोर्ट 2.0 संस्करण जल्द ही जारी होने वाला है. इस विषय पर और अधिक जानकारी के लिए हमसे जुड़े रहें!



#2023TBHLM